हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

06 इलाके भर में बारिश होने से किसानों के सिंचाई के...



07 विरधा में स्थित पुराना अंग्रेजी बंगला इतिहास के पन्नों से...



## खबर संक्षेप

### 1197 पात्र परिवारों को मिली राशन पात्रता पर्ची

**विदिशा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में अक्टूबर माह के दौरान 17 से 24 अक्टूबर के बीच 1197 प्रतीक्षारत परिवारों को नवीन पात्रता पर्चियां जारी की गई हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जैसे-जैसे पात्र परिवार केवायसी करा रहे हैं, वैसे-वैसे उन्हें राशन प्राप्ति हेतु पात्रता पर्चियां दी जा रही हैं। जनपदवार आंकड़ों के अनुसार बासौदा में 365, ग्यारसपुर में 158, कुरवाई में 80, लटेरी में 25, नटेरन में 95, सिरोंज में 119 और विदिशा में 43 पात्र परिवारों को पर्चियां मिली हैं। वहीं, नगर निकायों में गंजबासौदा में 90, सिरोंज में 4, विदिशा में 203, शमशाबाद में 1, कुरवाई में 5 तथा लटेरी में 9 परिवारों को पात्रता पर्चियां जारी की गईं।

### व्यापारियों का दीपावली मिलन कार्यक्रम आज

**विदिशा।** दीपावली के उपलक्ष्य में अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ द्वारा शनिवार को दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्र सुबह 10 से 12 बजे तक अनाज व्यापारी संघ कार्यालय पुरानी गल्लामंडी में होगा। संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने व्यापारियों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### कमलेश सेन डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित




**विदिशा।** विदिशा के समाजसेवी कमलेश सेन को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। यह उपाधि उन्हें समाजसेवा, रेलवे यात्रियों के हित, युवाओं को रोजगार दिलाने, नवाचार और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान की गई। उन्हें यह सम्मान न्यायमूर्ति एसएल भैयाना, वीआईसी गैफ्नी, नेस्ट्रल गेब्रियल बाल्टोडानो, न्यायमूर्ति विजयेंद्र जैन और सोमनाथ भारती जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों ने प्रदान किया। कमलेश सेन की यह उपलब्धि विदिशा और मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय बनी।

# कार्बाइड गन के भंडारण और विक्रय पर लगाया प्रतिबंध, बच्चों से मिले कलेक्टर

## कलेक्टर ने डॉक्टरों और स्टाफ से कहा बच्चों के नेत्र उपचार की सभी व्यवस्थाएं प्राथमिकता से की जाएं, शासकीय मदद का भी दिया आश्वासन

***कार्बाइड गन से बच्चों की आंखों की रोशनी पर असर पड़ने के जिले में कई मामले सामने आने के बाद कलेक्टर ने इसको लेकर सख्त कदम उठाया है। शुक्रवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता पीड़ित बच्चों से मिले और उनके परिजनों को मदद का आश्वासन दिया।***

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में हाल ही में कार्बाइड गन से हुए हादसों के बाद कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बड़ा कदम उठाते हुए विदिशा जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में कार्बाइड गन के निर्माण, भंडारण और क्रय-विक्रय पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

इस आदेश के तहत लोहा, स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध पटाखों के निर्माण, विक्रय और उपयोग पर भी रोक लगा दी गई है। कलेक्टर ने आदेश में उल्लेख किया है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था या व्यापारी इन प्रतिबंधित सामग्रियों का निर्माण, भंडारण, विक्रय या क्रय नहीं करेगा। इन अवैध गतिविधियों से आम नागरिकों की सुरक्षा, शांति और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा था। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों के बावजूद ऐसे खतरनाक पटाखे बाजार में बिक रहे थे, जिसे रोकने के लिए यह आदेश जारी किया गया है।



**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में भर्ती बच्चों के परिजनों से चर्चा करते हुए कलेक्टर।

### कलेक्टर-एसपी ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर बच्चों से की मुलाकात

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी एसडीएम पुलिस अधिकारी और संबंधित विभागों को आदेश के सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। कलेक्टर और एसपी ने देखा घायलों का हाल घटना के बाद कलेक्टर अंशुल गुप्त और एसपी रोहित काशवानी ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर कार्बाइड गन से घायल बच्चों और उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों के उपचार की जानकारी ली और मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. मनीष निगम को इलाज की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डॉक्टरों और स्टाफ से कहा कि बच्चों के नेत्र उपचार की सभी व्यवस्थाएं प्राथमिकता से की जाएं तथा परिजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बच्चों के परिवारों को हर संभव सरकारी मदद और सहयोग का आश्वासन दिया।

### दो बच्चों को भोपाल एम्स में भर्ती कराया

कार्बाइड गन के उपयोग के बच्चों की आंखों की रोशनी पर प्रभाव पड़ने के मामले अभी भी सामने आ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में भर्ती अधिकांश बच्चों को छुट्टी दे दी गई है। लेकिन आनंदपुर सेवा सदन ट्रस्ट में आठ बच्चे भर्ती किए गए हैं। दीपावली के बाद से यहां 58 लोग इलाज के लिए आ चुके हैं। इसके अलावा वहीं विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती बच्चों में से दो बच्चों को भोपाल एम्स में भर्ती कराया गया है।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्यों की समीक्षा

# हाईवे निर्माण में उपयोग की गई मुरम, रेत और गिट्टी की रॉयल्टी व जीएसटी तक जमा नहीं की

***शुक्रवार को जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक हुई। जिसमें कृषि विभाग अंतर्गत बीज वितरण एवं वितरण प्रणाली, लाभांवित हितग्राहियों पर समीक्षा की गई।***



**विदिशा।** जिला पंचायत में आयोजित बैठक के दौरान विभिन्न विभागों कें कार्यों की समीक्षा की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा जिले में कराए जा रहे मार्ग निर्माण कार्यों की प्रगति और उसमें उपयोग की जा रही सामग्री के संबंध में चर्चा की गई। अध्यक्ष श्रीमती रघुवंशी ने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत किए जा रहे मार्ग निर्माण कार्यों में उपयोग की गई गौण खनिज सामग्री जैसे मुरम, रेत और गिट्टी आदि पर देय रॉयल्टी एवं जीएसटी की राशि संबंधित विभाग द्वारा जमा नहीं की गई है। उन्होंने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रोजेक्ट डायरेक्टर तत्काल अब तक हुए सभी कार्यों में प्रयुक्त सामग्री का विस्तृत ब्यौरा तैयार करें। उस पर देय रॉयल्टी, जीएसटी, ब्याज एवं पेनल्टी की गणना कर खनिज विभाग को शीघ्र भुगतान किया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि शासन की राजस्व हानि रोकना सभी विभागों की जिम्मेदारी है और इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में यदि किसी भी विभाग द्वारा किए गए कार्यों में कर या रॉयल्टी संबंधी नियमों का पालन नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। श्रीमती रघुवंशी ने कहा कि विभागों के प्रमुखों द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष को भेजे जाने वाले पत्राचार की प्रतिलिपि न देना अनुशासनहीनता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अब किसी भी विभाग द्वारा पत्राचार की प्रति अध्यक्ष को नहीं दी गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक से कम से कम 3 दिवस पूर्व सभी संबंधित विभाग विभागीय एजेंडा प्रस्तुत करें, ताकि कार्यवाही पारदर्शी ढंग से हो सके। बैठक में जिपं उपाध्यक्ष दरयाब सिंह, जिपं सीईओ ओपी सनोड़िया, एसीओ पंकज जैन सहित अधिकारी मौजूद रहे।

### इन कार्यों की समीक्षा

- शिक्षा विभाग अंतर्गत कराए जा रहे या कराए गए निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई।
- खनिज विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों के लिए दी गई गौण खनिज के उत्खनन एवं परिवहन की अनुमतियां स्थान गौण खनिज की रायल्टी सहित विभाग की अन्य गतिविधियों पर विस्तृत समीक्षा हुई।
- जल निगम की पूर्ण योजनाओ एवं भुगतान की विस्तृत समीक्षा की गई।
- आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा व्यय राशि की विस्तृत समीक्षा की गई।
- प्रधानमंत्री सड़क योजना की विस्तृत समीक्षा की गई।
- मत्स्य विभाग अंतर्गत तालाबों की नीलामी एवं नीलामी न किए गए तालाबों की विस्तृत समीक्षा की गई।
- ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को ग्राम पंचायतों के अतिप्रभार की विस्तृत समीक्षा की गई।

# भ्रष्टाचार के आरोप में नगरपालिका अध्यक्ष को मिली क्लीन चिट

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा पर लगाए गए आरोपों को लोकायुक्त ने खारिज करते हुए उन्हे क्लीन चिट दे दी है। झांसी निवासी शिकायतकर्ता पंकज शर्मा ने नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा की लोकायुक्त में शिकायत की थी। नगरपालिका के पार्षदों ने भी इसी शिकायत को आधार बनाकर अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था।



लोकायुक्त में और अविश्वास प्रस्ताव में यही बात दोहराई गई थी कि नपाध्यक्ष ने राजनीतिक दबाव बनाकर व अपने रसूख का इस्तेमाल करते हुए शासकीय धन का दुरुपयोग किया है।

इस मामले की लोकायुक्त ने जांच कराई। जांच में नपाध्यक्ष पर लगाए गए भ्रष्टाचार और शासकीय राशि के दुरुपयोग के आरोप झूठे साबित हुए और लोकायुक्त ने उन्हे क्लीन चिट दे दी है।

### श्रमिक नियुक्ति मामला

200 श्रमिकों को संविदा आधार पर 11 माह के लिए नियुक्ति देने का संकल्प पारित कर नियम विरुद्ध 11 माह के लिए नियुक्ति दी गई। बाद में परिषद अंकेक्षण दल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा आपत्ति करने पर 89 दिन के लिए सफाई कर्मियों की अस्थाई नियुक्ति में परिवर्तित कर नियम विरुद्ध भुगतान पत्रक मस्टर के रूप में तैयार कर भुगतान कर दिया गया। लोकायुक्त की जांच में यह शिकायत असत्य पाई गई।

### दुकानों का मामला

संजय शॉपिंग काम्पलेक्स की दुकानों के संबंध में भी शिकायत गई थी। शिकायत में कहा गया था कि संजय शॉपिंग काम्पलेक्स की दुकानों की प्रथम निविदा में प्राप्त अधिकतम आफर राशि को निरस्त कर पुनः निविदा में प्राप्त एकल आफर से राशि प्राप्त कर शासन को आर्थिक क्षति शासन को पहुंचाई गई एवं नियम विरुद्ध संलग्न नक्शे के विरुद्ध कॉम्प्लेक्स की ऊपरी छत को भी नीचे के दुकानदार को आवंटित किया गया। 18 जून 2024 को आपत्ति प्रस्तुत की गई थी। इस मामले में भी नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा को क्लीन चिट मिली है।

# आदतन अपराधी तलवार के साथ गिरफ्तार, आरोपी पर एक दर्जन से अधिक मामले

**पुलिस अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कोतवाली पुलिस ने एक आदतन अपराधी राहुल अहिरवार को तलवार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार था। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि 32 वर्षीय राहुल अहिरवार, जो पुरानी गल्ला मंडी के पास रहता है, उसे पुलिस ने तलवार के साथ पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली सहित अन्य थानों में भी कई प्रकरण दर्ज हैं। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 701/2025 धारा 296, 115(2), 119(1), 351(3) बीएनएस और अपराध क्रमांक 803/2025 धारा 25, 27 आयुध अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# भावांतर भुगतान योजना का शुभारंभ, पहले दिन किसानों ने 2500 क्विंटल सोयाबीन बेचा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को भावांतर भुगतान योजना का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर आयोजित नीलामी कार्य का प्रारंभ विधायक मुकेश टंडन के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी एवं मंडी के भारसाधक पदाधिकारी क्षितिज शर्मा, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग के उपसंचालक केशव खपेडिया, मंडी सचिव नीलकमल वैद्य, व्यापार संघ अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं दलहन-तिलहन क्रय करने वाले अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों की उपस्थिति रही।

मंडी सचिव नीलकमल वैद्य ने बताया कि पहले दिन कृषि उपज मंडी में भावांतर भुगतान योजना के तहत आज दिवस में लगभग 110 पंजीकृत कृषकों द्वारा कुल 2500 क्विंटल सोयाबीन का विक्रय मंडी प्रांगण में किया गया। राज्य शासन द्वारा लागू की गई भावांतर भुगतान योजना का उद्देश्य कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना है।

इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसानों को उनकी उपज के विक्रय पर बाजार मूल्य और समर्थन मूल्य के बीच का अंतर शासन द्वारा सीधे उनके बैंक खातों में भुगतान किया जाता है।

## महिला मंडल ने चित्रगुप्त भगवान को अर्पित किया चांदी का हार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

यम द्वितीया के अवसर पर शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं कायस्थ समाज के महिला मंडल द्वारा भगवान चित्रगुप्त को चांदी का हार चढ़ाया गया।

महिला मंडल की ज्योति वर्मा ने बताया कि महिला मंडल की सदस्यों की इच्छा थी की भगवान को मंडल की ओर से चांदी का हार चढ़ाया जाए। सभी सदस्यों ने राशि एकत्रित कर 40 हजार रुपए का हार भगवान को यम द्वितीया के अवसर पर अर्पित किया गया है। इस कार्य के लिए कायस्थ सभा ने महिला मंडल का आभार व्यक्त किया है।




**मंडी में शुभ मुहूर्त की खरीदी, विधायक ने की भावांतर योजना की शुरुआत**

# सोयाबीन की पहली ट्रॉली 4111 प्रति क्विंटल में बिकी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दीपावली अवकाश के सात दिनों बाद शुक्रवार को विदिशा गल्ला मंडी में शुभ मुहूर्त पर किसानों की उपज की नीलामी पुनः शुरू की गई।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार की बहुप्रतीक्षित सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना की भी शुरुआत की गई। शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने मंडी परिसर में सोयाबीन की पहली बोली लगाकर किया। नीलामी में सोयाबीन की पहली ट्रॉली 4111 प्रति क्विंटल के भाव पर व्यापारी मधु अग्रवाल की फर्म मधु ट्रेडिंग कंपनी को बेची गई। इस मौके पर एसडीएम क्षितिज शर्मा, मंडी सचिव नीलकमल वैध, मंडी अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी, महामंत्री महेंद्र जैन सहित मंडी के सभी पदाधिकारी एवं व्यापारी गण मौजूद रहे। नीलामी की शुरुआत के साथ मंडी परिसर में उत्साह का माहौल देखा गया। व्यापारियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और किसानों तथा व्यापार जगत के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नमी और सफाई का ध्यान रखें किसान

कृषि उपज मंडी विदिशा की सचिव नीलकमल वैद्य ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी उपज साफ-सुथरी और अच्छी तरह सुखाकर लाएं। सोयाबीन में अधिकतम 12 प्रतिशत नमी ही स्वीकार की जाएगी। 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक विदिशा, गंजबासौदा, सिरोंज, शमशाबाद, लटेरी, कुरवाई, गुलाबगंज, बागरोद और आनंदपुर में खरीदी होगी। इनके अलावा अन्य स्थानों पर बेची गई उपज पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। खरीदी के 14 दिन बाद 7 नवंबर को मॉडल रेट जारी किया जाएगा।

मॉडल रेट जारी होने के बाद किसानों को मंडी में मिली कीमत और समर्थन मूल्य के अंतर की राशि सीधे बैंक खाते में जमा की जाएगी। मंडी अधिकारियों ने सलाह दी है कि किसान व्यापारी से नकद भुगतान न लें।भावांतर योजना के पंजीकरण वाले बैंक खाते में ही ऑनलाइन भुगतान प्राप्त करें, क्योंकि नकद भुगतान लेने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा।



**विदिशा।** कृषि उपज मंडी में पहली ट्रॉली की बोली लगाते हुए गल्ला व्यापारी।

# शिवराज सिंह चौहान ने गडकरी को लिखा पत्र विदिशा-रायसेन-भोपाल मार्ग सुधारने की मांग

**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। जिसमें सड़क खराब होने का उल्लेख किया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा-रायसेन-भोपाल मार्ग की खराब स्थिति पर चिंता जताते हुए मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है।

पत्र में चौहान ने बताया कि विदिशा से रायसेन और रायसेन से भोपाल तक का राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएचएआई) भारी वाहनों की आवाजाही और लगातार बारिश के कारण जर्जर हो गया है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इस मार्ग के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह केवल विदिशा और रायसेन के नागरिकों को भोपाल से नहीं जोड़ता, बल्कि कृषि उत्पादों के परिवहन और क्षेत्रीय व्यापार के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।



चौहान ने कहा कि सड़क की मौजूदा स्थिति से आम जनता को भारी असुविधा हो रही है। उन्होंने मांग की है कि मार्ग का तत्काल सर्वेक्षण कराकर मरम्मत या पुनर्निर्माण कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री गडकरी से आग्रह किया है कि संबंधित अधिकारियों को तुरंत निर्देशित कर सड़क को दुरुस्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# त्योंदा पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम त्योंदा द्वारा जान से मारने की नीयत से मारपीट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

8 अक्टूबर को फरियादी रामसेवक तिवारी उम्र 72 साल निवासी ग्राम घटेरा ने त्योंदा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी रामप्रवेश तिवारी उम्र 38 वर्ष, कुंज बिहारी तिवारी, महेश तिवारी उम्र 60 वर्ष निवासीगण ग्राम घटेरा के विरूद्ध जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौंज करते हुए फर्सा, कुल्हाडी एवं डंडे से मारपीट कर दी। जिस पर त्योंदा थाने में धारा 296,115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान चंद्रेश तिवारी की मेडीकल रिपोर्ट के आधार पर



दिनाँक 23.10.25 को प्रकरण में धारा 117(2) , 109 बीएनएस इजाफा की गई एवं पुलिस टीम त्योंदा द्वारा त्वरित कार्रवाई कर रामप्रवेश तिवारी, महेश तिवारी को गिरफ्तार किया गया। जिन्हें न्यायालय में पेश किया गया। आरोपियों को पकड़ने में विशेष भूमिका त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी , उदय जकाते, रविन्द्र तोमर, सुभाष चंद्र, शिवम तोमर, सतेन्द्र, हरिकेश तोमर, कला शर्मा की रही।

## खाद्य विभाग की टीम ने की स्टॉक की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

दीपावली पर्व के बाद शेष बची मिठाई के स्टॉक की जांच करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा शुक्रवार को मिठाई विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर जांच की गई एवं सभी विक्रेताओं को निर्देश जारी किए गए की पुरानी मिठाई के स्टॉक का निराकरण शीघ्र करें तथा भविष्य में उपभोक्ताओं को ताजी एवं गुणवत्ता पूर्ण मिठाइयों का ही विक्रय किया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण की कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप वर्मा एवं किरण श्रीवास्तव द्वारा जांच कर संग्रहित मिठाइयों के नमूने जांच हेतु लिए गए।

### किसान जुटे से बखरनी करने में, समय पर कर सकेंगे रबी फसल की बोवनी

# इलाके भर में बारिश होने से किसानों के सिंचाई के लाखों रुपए बच गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दो दिनों से एक बार फिर मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। इलाके में गुरूवार को दिन के समय बौछारें पड़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। शाम को नगर सहित आसपास के कई गांवों में कुछ देर हल्की बारिश हुई। वहीं रात्रि के समय नगर सहित ग्रामीण अंचलों में तेज बारिश हुई। जिससे सड़कों पर पानी एकत्रित हो गया। वहीं शुक्रवार को भी रुक-रुक कर हल्की बारिश होती रही। समाचार लिखे जाने तक आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। शुक्रवार को दोपहर बाद आसमान में घने बादल छा गए और तेज हवा चलना शुरु हो गया तथा मौसम में ठण्डक घुल गई। इलाके भर में बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। ग्राम फूफैर के कृषक रमेश कुमार शिल्पकार, पर्वत सिंह, नेतराम, राजेश कुमार, ग्राम स्यारी के कृषक





नीतेश नायक ने बताया कि अनेक किसानों ने खरीफ फसल की कटाई से फ्री होकर खेतों की बखरनी कर दी थी। रबी फसल की बोवनी के पहले पलेवा की महती आवश्यकता थी। डीजल, पंप, मोटर की व्यवस्था करने किसान जुटे हुए थे। लेकिन बारिश हो जाने से खेतों में प्राकृतिक रुप से पलेवा हो गया और किसानों के हजारों रुपए एवं समय की बचत हो गई। कुछ किसान हल्की बूंदाबांदी में अपने खेतों में बखरनी करने में लगे हुए हैं। मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों का पूर्व अनुमान एक बार फिर से सही निकला। आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इस बारिश से जहां अधिकांश किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है, वहीं धान उत्पादक किसानों को नुकसान पहुंचने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने 25 अक्टूबर से बारिश के संकेत दिए थे। हांलाकि पिछले दो दिनों से आसमान पर बादल छा रहे थे और उमस भी बढ गई थी, जिससे बारिश की संभावना नजर आने लगी थी। किसानों द्वारा बारिश की संभावना को देखते हुए अनेक किसानों ने अपने खेतों को बखर दिया था। जिससे बारिश से प्राकृतिक सिंचाई हो सके और उनका समय, श्रम, राशि की बचत हो सके। उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी 25 अक्टूबर से लेकर 1 नवंबर तक इलाके में अच्छी बारिश के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं। विगत दिनों हो रही बारिश से उन किसानों को नुकसान है जिनके खेतों में धान की फसल पककर एवं खेतों में कटी हुई पड़ी हुई है। वह पानी में भीगकर खराब हो जाएगी, धान की फसल का रंग फीका पड़ जाएगा। जिससे धान की फसल विक्रय के दौरान दाम प्रभावित होंगे।

## पाठक संघ ने महर्षि विश्वामित्र व संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस मनाया




**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस एवं विश्वामित्र तथा पोलियो दिवस मनाया गया। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वमित्र एक वैदिक ऋषि थे। जिनका जन्म क्षत्रिय राजा गाधि के पुत्र के रूप में हुआ था और उनके मूल नाम कौशिक था उन्होंने अपने पराक्रम और तपस्या से राजश्री और महर्षि ब्रह्म ऋषि का पद प्राप्त किया। रामायण में उन्होंने भगवान श्री राम को दिव्यास्त्रों का ज्ञान दिया और उन्हें सीता स्वयंवर तक ले गए। वहीं प्रतिवर्ष 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसकी स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को सैन फ्रांसिस्को केलिफोर्निया में संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर हस्ताक्षर किए अमेरिका के राष्ट्रपति फ्रांसिस्को डी. रूजल्ट की सबसे बड़ा योगदान था। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा उपस्थित सदस्यों को पोलियो उन्मूलन के खिलाफ जनजागृति का संकल्प दिलाया एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अतुल नेमा, दीपक तिवारी, गोपाल सिंह ठाकुर, उत्तम सोनी, विक्की चौरसिया, टीपू सोलंकी, कैलाश नेमा सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1550
उच्चतम भाव-4850
सरसों
न्यूनतम भाव-6470
उच्चतम भाव-6620
चना
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 5440
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6320
उड़द
न्यूनतम भाव-5040
उच्चतम भाव-5820
मक्का
न्यूनतम भाव- 1000
उच्चतम भाव- 1800
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3080
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3110
मूंग
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-4200
गेंहू
न्यूनतम भाव- 2301
उच्चतम भाव- 3402

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 16549 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### बैठक आज

**गंजबासौदा।** बरींघाट रोड स्थित यमराजधाम पर भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति स्थापना के लिए मूर्ति आ चुकी है। जिसकी विधिवत स्थापना को लेकर बैठक का आयोजन शनिवार शाम 4 बजे यमराज धाम पर किया गया है। जिसमें धर्मप्रेमी बंधुओं से शामिल होने की अपील की है।

### मेट, दरोगा को उपहार वितरित किए



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नगर पालिका परिषद सभापति स्वास्थ्य एवं चिकित्सा रिचा संजय भावसार द्वारा नगर के समस्त मेट एवं दरोगा को दीपावली के अवसर पर उपहार वितरित कर शुभकामनाएं दीं।

### मच्छरमार दवा के छिड़काव की मांग

**गंजबासौदा।** इन दिनों पाराशरी नदी किनारे के वार्डों एवं निचली बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप बड़ गया है। जिससे रहवासी खासे परेशान हैं। वार्डवासियों ने नपा से मच्छर मार दवा का छिड़काव कराए जाने की मांग की है।

## राज्य कर्मचारी संघ के दीवाली मिलन समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री



**गंज बासौदा।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का दीपावली मिलन समारोह 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे मंत्रालय के सामने भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए संभाग अध्यक्ष परसराम दुबे ने बताया कि प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने अपनी प्रदेश टोली के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव से भेंट कर उनका स्वागत कर आमंत्रित किया गया। आयोजन में प्रदेश, संभाग, जिला तहसील एवं ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। संभाग अध्यक्ष परसराम दुबे, उपाध्यक्ष नारायण प्रसाद चतुर्वेदी, अनिल दुबे ने सभी पदाधिकारियों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील है।

## प्रतिबंध के बावजूद जलाई जा रही पराली ......



गंजबासौदा। प्रतिबंध के बावजूद भी इलाके के अनेक किसान खेतों में सोयाबीन एवं धान की पराली जला रहे हैं। जिससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता प्रभावित हो रही है। यहां उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा पराली जलाना प्रतिबंधित किया है।

## अव्यवस्थित वाहन बने मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सिटी मार्ग पर अव्यवस्थित रूप से खड़े दोपहिया वाहनों के कारण यातायात बाधित हो रहा है। सड़क किनारे खड़े वाहनों से आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। त्योहारों के दौरान यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर अव्यवस्थित वाहनों को हटाया था, लेकिन अब फिर से सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन खड़े होने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पाराशरी पुल, पचमा बायपास, त्योंदा रोड, बरेठ रोड पर प्रतिदिन जाम लगता है। दुकानदारों ने बताया कि पुल चौड़ा होने के बावजूद मार्ग पर जाम लगता है, क्योंकि पुल के पास दोनों तरफ सब्जी और फल के ठेले तथा दो पहिया वाहन खड़े रहते हैं। वाहन चालकों के लिए एक बड़ी समस्या मुख्य मार्गों पर पार्किंग की उचित व्यवस्था का न होना भी है। इसके चलते कई वाहन चालकों को मजबूरी में अपने दोपहिया वाहन सड़क किनारे खड़े करने पड़ते हैं। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि अव्यवस्थित रूप से खड़े दोपहिया वाहन चालकों पर लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को भी जयस्तंभ चौराहे पर अभियान चलाकर अनेक वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। सिटी मार्ग, बरेठ रोड पर भी विशेष जांच अभियान चलाकर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। जिससे नगरवासियों को आवागमन में असुविधा न हो तथा जाम की समस्या से निजात मिल सके।

## ऑनलाइन पोर्टल बंद होने किसानों को नहीं मिल रही खाद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कृषि विभाग की उलझी हुई ऑनलाइन व्यवस्था ने किसानों और खाद विक्रेताओं को बड़ी परेशानी में डाल दिया। विभाग ने ऑफलाइन खाद बिक्री पर रोक लगा रखी है। दूसरी ओर सुबह से देर रात तक खाद वितरण का ऑनलाइन पोर्टल बंद रहा। इससे न तो सहकारी समितियों से खाद मिल सकी, न ही बाजार में नकद बिक्री हो पाई। खाद के लिए किसान दिनभर दुकानों के चक्कर लगाते रहे। कई किसानों की बुवाई रुक गई। खेतों की नमी खत्म होने लगी। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे किसानों को हो रही है। जो एक-दो बोरी खाद लेना चाहते थे, उन्हें भी कागजात बनवाने में 100 से 150 रुपए खर्च करने पड़े। सहकारी समितियों ने ओवरड्यू किसानों को खाद देने से मना कर दिया है। बाजार के दुकानदारों ने ऑफलाइन बिक्री से हाथ खींच लिए। खाद विक्रेताओं ने बताया कि पोर्टल बंद होने से बिक्री पूरी तरह ठप रही। पहले जहां दिनभर में 800 से 1000 बोरी बिक जाती थी, वहां मुश्किल से कुछ ही बोरी बिकी। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी चुप हैं। किसानों ने मांग की है कि जब तक पोर्टल पूरी तरह ठीक नहीं होता, तब तक ऑफलाइन बिक्री की अनुमति दी जाए। नहीं तो रबी सीजन की बुआई काफी प्रभावित होगी और बोवनी में किसान पिछड़ जाएंगे।

### संवेदना फाउंडेशन के तत्वावधान में नगर में खुला ई-शिक्षा केंद्र

# विधायक ने ई-शिक्षा केंद्र का किया शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को नगर में संवेदना फाउंडेशन्स के तत्वाधान में ई-शिक्षा केन्द्र का शुभारंभ विधायक हरिसिंह रघुवंशी, किशन महाराज, निरंजन सिंह रघुवंशी, छोटेलाल रघुवंशी, राजा रघुवंशी, राहुल पलोड़ आदि गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। संवेदना फाउंडेशन्स की इस पहल में नगर के गरीब बच्चों एवं महिलाओं को निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा एवं स्टेनोग्राफी की शिक्षा प्रदान की जाएगी एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये जायेंगे। ज्ञात हो कि संवेदना फाउंडेशन्स एक गैर-सरकारी संगठन है संवेदना फाउंडेशन्स का उद्देश्य वंचित बच्चों को शिक्षा से सशक्त बनाना, महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना तथा समाज में पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में संवेदना फाउंडेशन्स की अध्यक्षा श्वेता गुप्ता, ट्रस्टी एवं ट्रेजरी रूपम साध एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। ट्रस्टी रूपम साध ने बताया कि वह अपनी संस्था के माध्यम से अपने गृह नगर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के बच्चों और महिलाओं को निःशुल्क डिजिटल शिक्षा, कम्प्यूटर टायपिंग और स्टेनोग्राफी प्रशिक्षण प्रदान करना चाहते हैं। इसलिये संवेदना फाउंडेशन्स नगर में ई-शिक्षा केन्द्र का शुभारंभ कर ग्रामीण व छोटे शहरों के बच्चों और महिलाओं को निःशुल्क डिजिटल शिक्षा, कम्प्यूटर टायपिंग और स्टेनोग्राफी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये तत्पर है। ताकि वह तकनीकि रूप से सशक्त होकर आत्मनिभर बन सके। संवेदना ई-शिक्षा केन्द्र के केन्द्र प्रमुख के रूप में कुलदीप शर्मा को चयनित किया गया है।

### जीवदया पदयात्रा आज

**गंजबासौदा।** नगर में पहली बार सर्वाथ सिद्धियोग में निराश्रित गौवंश के संवर्धन संरक्षण हेतु समाधि सम्राट आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री 108 संभवसागर महाराज ससंघ के मगंल सानिध्य एवं सकल जैन समाज व दयोदय गौशाला के तत्वावधान में विशाल जीवदया पदयात्रा का आयोजन शनिवार को प्रातः 6 बजे से महावीर बिहार मीलरोड़ से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए बरींघाट रोड़ स्थित दयोदय गौशाला पहुंचेगी। समस्त गौभक्त, धर्मप्रेमी बंधुओ से जीवदया पदयात्रा में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

## लोगों द्वारा सड़क किनारे डाला जा रहा कचरा



**गंजबासौदा।** कालाबाग से हतोड़ा के बीच स्थित पुलिया के पास सड़क किनारे लोगों द्वारा घरों से निकलने वाले कचरे को डाला जा रहा है। जिससे सड़क किनारे कचरे के ढेर लग रहे हैं। जो हवा चलने से सड़क पर इधर उधर तो बिखर ही रहे हैं साथ ही पास से गुजर रहे दो पहिया, चार पहिया वाहनों तक पहुंच रहे हैं। कचरे से उठती दुर्गन्ध से वाहन चालक और राहगीर खासे परेशान हैं। जागरुक नागरिकों ने लोगों से कचरे को सड़क पर न डालकर कचरा वाहन में डालने की अपील की है। ज्ञात हो कि दीपावली के त्यौहार के चलते लोगों द्वारा अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की साफ, सफाई की गई थी। इस दौरान निकलने वाले कचरे को सड़क किनारे फैंक दिया गया है। जो आमजन एवं वाहन चालकों के लिए मुसीबत बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पुत्री को फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना गिरार क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 20 अक्टूबर को अपराह्न करीब 4 बजे से उसकी 14 वर्षीय पुत्री को ग्राम पिपरिया निवासी साहिल अहिरवार पुत्र श्यामलाल अपने सहयोगी ग्राम बड़वार निवासी देवेन्द्र अहिरवार पुत्र धनुवा के साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। उसने पुत्री की काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। महिला ने पुलिस से मामले की जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पति पर लगाया मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** मोहल्ला गोविन्द नगर निवासी विमलेश सेन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पति आये दिन शराब पीकर उसे गालियां देते हुये मारपीट करता है। 22 अक्टूबर को उसका पति शराब पीकर आया और खाना मांगते हुये गालियां देने लगा। मना करने पर उसने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसका पति आये दिन अपने दोस्त वसीम व इमरान के साथ आता है और दोस्तों के जाने के बाद उसके साथ मारपीट करता है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बृजेश सेन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### महरौनी पुलिस ने दो वारंटी पकड़े

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ महरौनी आशीष कुमार मिश्र के पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में महरौनी पुलिस ने ग्राम सुकाड़ी निवासी तूफान राजा पुत्र गिन्नी राजा को हिरासत में लिया है। वारण्टियों को पकडऩे वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक निर्भयचन्द्र, उ.नि. गुलाम फरीद, उ.नि.निखिल मलिक, हे.का. विपिन अवस्थी, का. सचिन सैलानी, हो.गा. देवेन्द्र कुमार शामिल रहे।

### पत्रकार को पितृशोक श्रद्धांजलि अर्पित की

**ललितपुर।** जर्नलिस्ट एसोशिएशन ऑफ इंडिया की एक आवश्यक बैठक तालाबपुरा स्थित कार्यालय पर आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता पत्रकार अरविन्द कुमार संज्ञा ने की। बैठक में झांसी के वरिष्ठ पत्रकार सुधीर त्रिपाठी के पिता के गोलोक गमन पर शोक व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए उपस्थितजनों ने दो मिनिट का मौन धारण कर ईश्वर से कामनाएं कीं। बैठक में पत्रकार प्रमोद गोस्वामी, अमित लखेरा, मनीष पाठक, आशीष तिवारी, पंकज रैकवार, सूरज सिंह राजपूत, अमित राठौर, अवनीश पुरोहित, सुरेश कौंते, विनोद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### परिवहन विभाग ने वाहन की नंबर की नई सीरीज आवंटित

**ललितपुर।** सहपरिवहन अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति द्वारा बताया कि इस कार्यालय में निजी वाहन के लिए आवंटित पंजीयन सीरीज 24 अक्टूबर को समाप्त की गईं है। राजस्व/जनहित के दृष्टिगत कार्यालय डी.बी.ए. को आदेशित किया जाता है कि निजी वाहनों के पंजीयन हेतु नई सीरीज कम्प्यूटर में प्रारम्भ किये जाने हेतु अपलोड करें, तथा शासन द्वारा जारी अधिसूचना संख्या-9/2018/360/तीस-4-2018-8 (2)/2016, दिनांक 13.03. 2018 के कम में मुख्यालय के पत्र संख्या 59 (शा.) सा.प्र./2018-41 टीआर/72-18, दिनांक 16 मार्च, 2018 द्वारा नई सीरीज के आकर्षक पंजीयन चिन्हों को ई-ऑक्शन प्रणाली के माध्यम से आरक्षित कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के दृष्टिगत 24 अक्टूबर को नई पंजीयन सीरीज प्रारंभ होगी। नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से बुकिंग हेतु वेबसाइट है। 25 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 28 अक्टूबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन। 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 1 नवंबर को सायं 6 बजे तक नीलामी प्रक्रिया।

### 124 साल पुरानी ऐतिहासिक धरोहर रातों-रात जमींदोज

# बिरधा में स्थित पुराना अंग्रेजी बंगला इतिहास के पन्नों से कर दिया गायब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले के ब्लॉक बिरधा अंतर्गत ग्राम बिस्था में 1901 में निर्मित ब्रिटिशकालीन बिरधा इन्सपेक्शन हाउस को बिना किसी अनुमति के ध्वस्त कर दिए जाने से पूरे दिन क्षेत्र में गहरा रोष फैल गया है। इंडो-गॉथिक स्थापत्य शैली में निर्मित यह लाल बलुआ पत्थर और श्वेत पत्थर की इमारत आजादी से पहले ब्रिटिश अधिकारियों व पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों के विश्राम स्थल के रूप में जानी जाती थी। ग्रामीणों के मतानुसार, यहां अदालतें भी लगती रही होगी। स्थानीय बुजुर्गों के मुताबिक अंग्रेजी बंगला के नाम से प्रसिद्ध यह इमारत सिर्फ एक ढांचा नहीं थी, बल्कि गांव की पहचान और पीढिय़ों की यादों का प्रतीक थी। प्रकरण के तूल पकडऩे पर जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने तत्काल प्रभाव से जांच के आदेश अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को दिये। आदेश मिलते ही एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने बिरधा स्थित मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरू की और स्थानीय लोगों के बयान दर्ज कराये। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस 124 वर्ष पुरानी धरोहर को रातों-रात जमींदोज कर दिया गया, जबकि नियमानुसार किसी भी ऐतिहासिक इमारत को गिराने से पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस.आई.), राज्य विरासत संरक्षण समिति और पीडब्ल्यूडी विभाग से अनुमति आवश्यक होती है। इतना ही नहीं, ध्वस्तीकरण से 15 दिन पूर्व सार्वजनिक अखबारों में सूचना देकर जनता से आपत्तियां आमंत्रित करना भी कानूनी दायित्व है, जिसकी यहां पूरी तरह अनदेखी की गई।

#### इतिहास के साथ अपराध हुआ है

इस घटना पर समाजसेवी मोहिनी रजक ने कहा कि बिस्था का यह इन्सपेक्शन हाउस केवल एक इमारत नहीं, हमारी विरासत की आत्मा था। इसे बिना अनुमति तोडऩा इतिहास के साथ अपराध है। प्रशासन को चाहिए कि वह इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में कोई हमारी धरोहरों से खिलवाड़ करने की हिम्मत न करे। प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्व अधिनियम, 1958 के अंतर्गत 100 वर्ष से अधिक पुरानी इमारतों को ऐतिहासिक स्मारक के रूप में संरक्षण प्राप्त होता है। इस अधिनियम में ऐसे स्मारकों को नुकसान पहुंचाने या नष्ट करने पर कठोर दंड का प्रावधान है।

**हमारी पहचान मिटा दी गई:** ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी ललितपुर को ज्ञापन देकर इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी व खुली जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों/व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यह केवल एक इमारत नहीं, बल्कि बिस्था की ऐतिहासिक पहचान थी जिसे एक रात में इतिहास से मिटा दिया गया।

#### जिला पंचायत की भूमिका पर उठता सवाल

ऐतिहासिक धरोहरों और ग्राम स्तरीय सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण में जिला पंचायत विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाली पुरानी संरचनाओं, विश्राम गृहों, तालाबों, भवनों एवं सार्वजनिक स्थलों की देखरेख, सूचीकरण और संरक्षण की जिम्मेदारी पंचायत विभाग के माध्यम से तय होती है। बिस्था ग्राम में स्थित 124 वर्ष पुराना बिरधा इन्सपेक्शन हाउस भी पंचायत क्षेत्र की संपत्ति के रूप में दर्ज था, इसलिए इसके किसी भी प्रकार के विध्वंस, मरम्मत या हस्तांतरण से पूर्व जिला पंचायत विभाग की अनुमति और तकनीकी रिपोर्ट आवश्यक थी। विभाग का यह दायित्व है कि वह ऐसी विरासत संपत्तियों की पहचान कर उन्हें ग्राम विरासत स्थल के रूप में चिन्हित करे और इनके संरक्षण हेतु राज्य सरकार तथा पुरातत्व विभाग के समन्वय से कार्ययोजना बनाए। इस मामले में विभाग की निष्क्रियता और निगरानी की कमी ने ऐतिहासिक धरोहर को मिटा देने का मार्ग प्रशस्त किया।

#### विरासत के मलबा पर उठता सवाल

*बिरधा का यह इन्सपेक्शन हाउस अब मलबे में तब्दील हो चुका है, लेकिन इसके साथ उठे सवाल यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या हमारी ऐतिहासिक धरोहरें तब तक सुरक्षित हैं, जब तक किसी की नजर उन पर नहीं पड़ती?*

#### ज्ञापन पर इनके थे हस्ताक्षर

*डीएम को भेजे ज्ञापन पर पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की सदस्य मोहिनी के अलावा राजीव साहू बिरधा, लक्ष्मी, कपिल साहू, नीलू, अरविन्द कुशवाहा, धर्मेंद्र, गोपी, सतीश, मुन्नालाल, मनोहर, सहोदर, लालबहादुर, रामकिशन, दिनेश, आनन्द, गनेश, नन्दकिशोर, अरविन्द, महेश राजा, काशीराम, संतोष, मंगल सिंह, संजय, अमर सिंह, घासीराम कुशवाहा, कल्लू, जगभान, संतोष, लालचंद्र, राजेश कुशवाहा, छलौने के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।*

#### एडीएम पहुंचे मौके पर शुरू हुई जांच

*जिला पंचायत द्वारा मनमाने तरीके से अंग्रेजी बंगला गिराये जाने के आरोपों के जोर पकड़ते ही जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने तत्काल प्रभाव से जांच के आदेश किये हैं। डीएम के आदेश पर एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बिरधा स्थित अंग्रेजी बंगला ध्वस्तीकरण वाले मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। मौके पर एडीएम ने स्थानीय लोगों के बयान भी दर्ज कराने की प्रक्रिया अपनायी। इधर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा कहा गया की धरोहर गांव के विकास मैं बाधक बन रही थी उसे हटाकर गौशाला और स्टेडियम का शीघ्र निर्माण कराया जाएगा जबकि आम जनता का कहना है हटाने की जगह उस धरोहर को पुनः सुरक्षित निर्माण को संभाल कर भी गोशाला और स्टेडियम के निर्माण में उपयोग में लिया जा सकता था जिससे निर्माण का काम हो जाता और शासन का धन और इमारत भी सुरक्षित रहती।*

### घंटाघर पर भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन

# डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को जमीन चिन्हित होने का दावा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले के कई ग्रामीण अंचलों में डा.भीमराव अम्बेड़कर पार्क के नाम पर आरक्षित जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाकर पुर्ननिर्माण एवं मूर्ति स्थापना के साथ बुल्डोजर के लिए प्रभावी कार्यवाही, दलितों पर अत्याचार बढऩे का आरोप लगाते हुये ऐसे उत्पीडऩात्मक कार्यवाहियों पर प्रभावी तरीके से रोक लगाये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक रामदास गौतम के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुये कार्यकर्ताओं ने डीएम को एक ज्ञापन भेजा है। उन्होंने बताया कि जिले के अनेकों गांव ऐसे हैं, जहां डा.भीमराव अम्बेड़कर के पार्कों की भूमि वर्षों से चिह्नित है, किन्तु अधिकांश स्थानों पर आज भी दबंगों द्वारा कब्जा जमा रखा है, ऐसे दबंगों को चिह्नित करते हुये जमीनों को कब्जा मुक्त कराया जाये। इसके अलावा उन्होंने सजातीय बंधुओं पर हो रहे अत्याचारों व उत्पीडऩ पर तत्काल कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी। इसके अलावा उन्होंने किसानों को खाद समय पर व निर्धारित दामों पर दिलाये जाने के अलावा अन्य समस्याओं के निस्तारण की भी मांग उठायी। ज्ञापन देने के पूर्व भीम आर्मी ने घण्टाघर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान रामदास गौतम, बाबूलाल, साहब सिंह, अंशुल, दौलत, अनंतराम सूर्यवंशी, भागीरथ चौधरी, संजीव कुमार, अमित, चाली राजा, जयराम गौतम, तेज सिंह, मंगल, अभिषेक, राजेश, अरून, अमित, रामभरत, अरविन्द, मोतीलाल गौतम, लालसिंह, दीपक गौतम, शिशुपाल गौतम, तिलक राज चौधरी, अजय कुमार, अरून वंशकार, राजीव गौतम, खलक सिंह, इन्दल, आकाश अहिरवार, अवतार सिंह, सत्यभान, जयपाल गौतम, पुष्पेन्द्र चौधरी, सचिन चौधरी, विशाल गौतम, अंकित अहिरवार, हरबाल, सोहन सिंह के अलावा अनेकों महिलायें और कई गांवों से आये लोग मौजूद रहे।

## हाईवे पर चार लोगों ने युवक को पीटा, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर स्थित आरएमवी कॉलेज के पास बनी कालोनी में रहने वाली सोनम यादव पत्नी जितेन्द्र सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 21 अक्टूबर को 6 बजे उसके भाई छोटू पुत्र लखन यादव से हाई-वे पर अमर पाल ने अपने चार अन्य लोगों में रोहन, रौनक, ऋषि पुत्रगण फेरन के साथ एकराय होकर मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद जब वह उलाहना देने उनके घर पहुंची तो उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट करते हुये उसके पिता लखन यादव की उंगली काट ली और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# उच्च कोटि की गणवेश पर सुमित व अभिनेश को मिली प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की।

डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवाभाव से कार्य करने



साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

हेतु प्रेरित कर त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन कर रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन किया गया तथा विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मचारियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। एसपी ने परेड के निरीक्षण में हे.कां.सुमित वर्मा व कां.अभिनेश सिंह को उनके द्वारा उच्च कोटि की वर्दी धारण करने के लिए प्रशंसा कर उत्साहवर्धन हेतु नगद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

#### पीआरवी कर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार की परेड के दौरान पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर पीआरवी 5808 के रजिस्टर को चेक किया गया तो उसमे सभी प्रविष्टियां निर्धारित प्रारुप में स्पष्ट रुप से अंकित पायी गयी, जिसमें पीआरवी 5808 के अधिकारी व कर्मचारियों में उ.नि.भूपेन्द्र पाल सिंह, हे.कां.शत्रुन्ज्य प्रताप सिंह एवं चालक हे.कां. अरूण राय को उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरस्कार की धनराशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### युवक, युवतियों व अभ्यर्थियों के लिए रोजगार का अवसर

# ललितपुर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन 29 को

**ललितपुर।** जनपद के समस्त युवक एवं युवतियों/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय, पनारी जनपद-ललितपुर में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन 29 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे किया जा रहा है। वृहद रोजगार मेले में 1 आर्केटिक इंडस्ट्रीज वाराणसी में एकाउन्टेन्ट कम्प्यूटर ऑपरेटर फुल ऑफिस एक्सक्यूटिव पद हेतु 175 रिक्तियां 2-हेडलाइन डिजीटल फ्यूचर कन्ट्रोल इण्डिया प्रालि में बीपीओ टेलीकॉलर ऑफिस असिस्टेंट पद हेतु 30 रिक्तियां 3-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 4 जेपीवीएमजीएमकेटी प्रालि में सुपरवाईजर, स्टोरकीपर, डाटा एन्ट्री पद हेतु 39 रिक्तियां 5-हंसवाहिनी एम्प्लाइमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में ऑफिस मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव पद हेतु 65 रिक्तियां 6-आरके इलैक्ट्रॉनिक्स में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु 140 रिक्तियां 7-श्री गनेशा कंसल्टेंट एण्ड मैनपावर सर्विसेज में लॉन ऑफिसर पद हेतु 80 रिक्तियां 8-आरएसवी ज्वाइन इंडिया प्रालि में ऑटोमोबाइल सॉल्यूसन टेक्नी पद हेतु 500 रिक्तियां 9-ईडीयू वेन्टेज प्रालि में ट्रेनी ऑपरेटर पद हेतु 50 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियों भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमें शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं परास्नातक, आईटीआई पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियों रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है। किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमांड नहीं की जाती है।

# मंदिर जा रहे थे, बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना पाली अंतर्गत ग्राम निवउवा में रहने वाले धूप सिंह पुत्र निरपत सिंह ने तालबेहट पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 21 अक्टूबर की सुबह करीब 8 बजे मौनी परमा का त्योहार होने के कारण वह अपने पिता व गांव के वंशीलाल पुत्र घुम्मन, शिवचरन पुत्र बच्चूलाल, कल्लूराम पुत्र गोले, दीपक पुत्र दयाली, बारेलाल पुत्र गम्मे व अन्य लोगों के साथ तेरई फाटक के पास देवा माता मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। तभी असऊपुरा के पास पहुंचने पर उसके पिता हाईवे पटरी किनारे उतरकर पेशाब करने लगे, तभी शाम करीब 6 बजे तेज गति से ललितपुर की ओर से भागती आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.डी. 3394 के चालक ने उनके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता जमीन पर गिर गये। यह देखकर उन्होंने तत्काल एम्ब्युलेंस को फोन करके बुलाया।

एम्ब्युलेंस के जरिए घायल पिता को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से उसके पिता को उपचार के लिए ललितपुर जिला अस्पताल और फिर झांसी रेफर कर दिया गया, जहां पहुंचने से पहले ही उसके पिता ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक चालक ग्राम ककड़ारी के धमकना निवासी राजकुमार पुत्र धनीराम कुशवाहा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गैसे पाक के महीने के अंत में सदनशाह मस्जिद में हुई तकरीर

# इल्म का मकसद सिर्फ दुनिया कमाना ही नहीं है, बल्कि अल्लाह की पहचान हासिल करना :मुफ्ती नौशाद जमाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

हजरत बाबा सदनशाह मस्जिद में जुमा की नमाज के पहले इमाम मुफ्ती नौशाद जमाली ने बयान करते हुए हजरत सैय्यद अब्दुल कादिर जीलानी सरकार गौसे आजम की जीवन और शिक्षाओं पर रोशनी डालते हुए बताया कि हम गौसे पाक अब्दुल कादिर जीलानी के बताए और दिखलाए रास्ते पर चलकर दुनिया व आखिरत संवार सकते हैं।उन्होंने गौसे आजम को अल्लाह का महबूब बंदा व वलियों का सरदार बताया। मुफ्ती नौशाद जमाली ने अकीदतमंदों से हजरत सैय्यद अब्दुल कादिर जीलानी सरकार गौसे आजम की जीवन शैली और उनके कार्यों को पढऩे का आह्वान किया।



बताया कि आपके साथ कई करमात (चमत्कार) जुड़े हुए हैं, जो आपके रुहानी मुकाम और अल्लाह के करीब होने का सबूत माने जाते हैं। ये करामात लोगों की मुश्किलों को हल करने और उन्हें सही रास्ते पर लाने के लिए प्रकट हुए।

#### तालीम की बुनियाद

गोसे पाक फरमाते हैं कि इल्म वो दौलत है जो इंसान को दुनियावी और दीनी दोनों मायने में कामयाबी दिलाता है। लेकिन इल्म का मकसद सिर्फ दुनिया कमाना नहीं बल्कि अल्लाह की पहचान हासिल करना और इंसानियत की खिदमत करना है इल्म वही है जो दिल को रोशन करें और इंसान को समाज का फायदा पहुंचाने वाला बनाए।

#### नौजवान और तालीम

गौसे आजम रहमतुल्लाह आले ने नौजवानों को हमेशा इल्म हासिल करने और अपने किरदार को मजबूत बनाने की नसीहत दी उन्होंने कहा नौजवान कौम का असल सहारा है अगर उनके हाथों में फिल्म और दिलों में तकबा होगा तो पूरा मुअशरा तरक्की करेगा आज के दौर में जब नई नस्ल मोबाइल इंटरनेट और नई तकनीक से जुड़ी हुई है गौसे आजम का पैगाम हमें यह सिखाता है कि टेक्नोलॉजी और इल्म का इस्तेमाल सही मकसद के लिए किया जाए तालीम सिर्फ दिमाग को तेज करने का नाम नहीं बल्कि दिल को पवित्र बनाने का भी नाम है।

**कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित मोरी तहसील लटेरी जिला विदिशा**

पंजी. क्रमांक 1298 दिनांक 08.10.2018

// निर्वाचन आमसभा की सूचना //

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन बावत् विशेष साधारण सम्मिलन दिनांक 06.11.2025 दिन गुरूवार को प्रातः 11.00 बजे से स्थान संस्था कार्यालय महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित मोरी तहसील लटेरी जिला विदिशा पर आयोजित की गई है। दिनांक 29.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक संस्था कार्यालय पर श्री नरेश यादव, सचिव द्वारा नामांकन पत्र लिये जावेगें। दिनांक 30. 10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जावेगी। दिनांक 31.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक नाम वापिस लिये जा सकेगें। तत्पश्चात् सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन रिटर्निंग अधिकारी किशोर कुमार अहरवाल द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

(किशोर कुमार अहरवाल) रिटर्निंग अधिकारी
महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित मोरी तहसील लटेरी जिला विदिशा

**कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या. मदनखेडीं**

// आमसभा की सूचना //

मुझे महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या. मदनखेडीं के संचालक मण्डल के सदस्यों तथा अन्य सहकारी सोसाइटीयों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु रिर्टनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके लिए विशेष आमसभा दिनांक 06/11/2025 हेतु निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत मेरे द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया जा रहा हैं। दिनांक 29/10/2025 को महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या. मदनखेडीं के कार्यालय में उपस्थित हो कर कार्यलयीन समय 1.00 से 3.00 बजे तक नामांकन पत्र मुझे / प्रबंधक सीता राम बघेल को प्रदान करा कर नामंकन पंजी में दर्ज करावे। सभी प्राप्त नामांकन पत्र दिनांक 30/10/2025 की जांच मेरे द्वारा महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या. मदनखेडीं में 1.00 बजे दोपहर से जाँच की जावेगी।

अनिल सक्सेना ( रिर्टनिंग अधिकारी )
महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या. मदनखेडीं

# धान फसल में उपजी खरपतवार को काट रहे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में कुछ दिनों से बारिश थमी हुई है। धान में दाने आने से पहले क्षेत्र के किसान धान के खेत में खरपतवारों को काट कर हटा रहे हैं। ताकि फसल को नुकसान पहुंचाने से रोक सकें।

खरपतवार धान के पौधों के साथ पोषक तत्वों, पानी और धूप के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिससे धान की पैदावार कम हो जाती है। मजदूरों द्वारा घास कटाई से खरपतवारों को हटाया जाता है, जिससे धान के पौधे स्वस्थ रहते हैं और अच्छी पैदावार होती है। मजदूर हाथ में हंसिया या अन्य औजार लेकर धान के पौधों के बीच उगने वाले खरपतवारों को चुनते हैं। इस समय ज्यादातर धान के खेत में मजदूर घास-फूस की कटाई का काम कर रहे हैं, ताकि धान की फसल बेहतर ढंग से विकसित हो सके।



## कैदी मरीजों के परिजन इलाज नहीं मिलने का लगा चुके हैं आरोप

# जेल में लगभग 250 कैदियों पर सिर्फ एक ही डॉक्टर, महिला डॉक्टर की भी कमी

◆ मौके पर कैदियों को उपचार नहीं मिल पाने से हो चुकी है उनकी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

■ सीएमएचओ से लगानी पड़ती है गुहार

जिला जेल पठारी में कैदियों का इलाज सिर्फ एक डॉक्टर के भरोसे चल रहा है। जबकि जेल में पुरुष कैदियों की संख्या 215 और महिला क़ैदियों की संख्या 25 है। इसके अलावा उनके बच्चे भी शामिल हैं।

जिला जेल में महिला-पुरुष कैदियों के स्वास्थ्य को लेकर विभाग सजग नहीं दिख रहा है। यही वजह है कि वर्षों से जेल में महज एक डॉक्टर ही पदस्थ है। अगर डॉक्टर छुट्टी पर चले जाएं तो फिर उनका कोई विकल्प नहीं रहता। ऐसे में जेल प्रबंधन को सीएमएचओ से गुहार लगानी पड़ती है। जिला जेल पठारी में कैदी गंभीर रूप से बीमार हो जाएं तो उसके उपचार का एकमात्र उपाय रैफर हो जिला अस्पताल में इलाज कराने में ही कैदी मुनासिब समझते हैं। यहां कैदियों को समुचित इलाज मिल जाता है। लेकिन इलाज व्यवस्था पर नजर दौड़ाएं तो जेल के अंदर की व्यवस्थाएं ठीक नहीं हैं।

### जिला जेल पठारी में होती है कैदियों की 38 तरह की जांचें

जिला जेल पथरी में कैदियों की 38 तरह की जांच होती हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद पता चलता है कि कैदी स्वस्थ है या किस तरह की बीमारी है। उसके आधार पर उसकी आगे की जांच होती है।अधिकांश कैदी ऐसे होते हैं उनको यह मालूम नहीं होता उन्हें शुगर की बीमारी है या बीपी के मरीज हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद भी इनसे रूबरू होते हैं। इतना ही नहीं एचआईवी सहित अन्य संक्रमण ग्रसित कैदियों को जांच के बाद यह पता चलता है कि वह किस तरह की बीमारी से पीड़ित हैं।




### जेल के अंदर नहीं है अस्पताल की व्यवस्था

जिला जेल पठारी के अंदर कोई अस्पताल नहीं है गंभीर बीमार कैदी को जिला अस्पताल ही भेजना पड़ता है। इनमें शुगर, बीपी किडनी, कैंसर, श्वांस, लीवर आदि के कैदी शामिल होते हैं। जिला अस्पताल में उन्हें भर्ती कर विशेषज्ञ डॉक्टर से उनका सही उपचार कराया जाता है।

### गौहरगंज व गैरतगंज उपजेल में कैदियों को सुरक्षति रखने बन रही 2-2 बैरकें

जिला जेल पठारी के जेलर रामकृष्ण चौर ने जानकारी देते हुए बताया कि रायसेन जिले के गौहरगंज तहसील स्थित उपजेल और गैरतगंज उपजेल में कैदियों को सुरक्षित रखने के लिए अलग से दो-दो बैरकों का निर्माण किया जा रहा है। लंबे समय से गैरतगंज की उपजेल बंद पड़ी थी। उसे सरकार के आदेश पर फिर से चालू किया गया है और दो अलग से कैदियों के लिए बैरकों का निर्माण कराया जा रहा है।

### इनका कहना है

जिला जेल में एक ही डॉक्टर मेडिकल ऑफिसर प्रतीक शर्मा तैनात हैं। वर्तमान में यहां 215 पुरुष और 25 महिला कैदी हैं। तबियत खराब होने पर जेल की ओपीडी में इलाज होता है। अगर ड्यूटी डॉक्टर छुट्टी पर चले जाते हैं, तो सीएमएचओ से कहकर अन्य डॉक्टर को बुलाया जाता है। महिला डॉक्टर की तैनाती के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।

**-रामकृष्ण चौरे,** जेलर, जिला जेल पठारी।

### महिला डॉक्टर नहीं होने से इलाज कराने महिला कैदियों को लाना पड़ता है अस्पताल

जिला जेल पठारी में वर्तमान में 25 महिला कैदी हैं। इसके अलावा बच्चे भी हैं। जिला जेल पठारी में कभी अगर अचानक महिला कैदियों को कोई परेशानी हो जाए तो उन्हें इलाज कराने के लिए जिला अस्पताल ले जाना पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि जिला जेल में एक महिला डॉक्टर पदस्थ हो, लेकिन अकेले डॉ शर्मा के भरोसे जिला जेल पठारी के कैदियों का इलाज चल रहा है।

### कैदियों की हो चुकी है मौत

*बीते तीन साल की बात करें तो जिला जेल में बंद दो कैदियों की मौत इलाज के दौरान जिला अस्पताल में हुई है। मरीजों के परिजन समय पर उपचार न मिलने का भी आरोप लगा चुके हैं। दरसअल कैदी के अचानक बीमार होने पर उसे एंबुलेंस द्वारा जेल स्टाफ जिला अस्पताल लेकर पहुंचता है और जांच कर भर्ती करवाता है, ताकि मरीज की जान को बचाया जा सके। यदि जेल के अंदर एक डॉक्टर की जगह दो से तीन डॉक्टर तैनात हो जाएं तो मरीजों को राहत मिल सकती है। क्योंकि मरीज कई बीमारियों से पीड़ित होते हैं। ऐसे में हर बीमारी के एक्सपर्ट डॉक्टर तैनात हो जाएंगे तो कैदियों को सबसे ज्यादा राहत मिलेगी।*

# ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**मांग :** आरोपियों पर की जाए रासुका कार्रवाई



◆ हिन्दू संगठनों ने कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

थाना कोतवाली के तहत ग्राम टपरा-पठारी के ग्रामीण बड़ी संख्या में तहसील परिसर पहुंचे। उन्होंने जिला व पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में एक समुदाय विशेष के असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ रहे हैं। एक दिन पहले घरों में पथराव की घटना में पांच लोग घायल हुए थे। यह हमला हिंदू परिवारों के घरों पर किया गया। उन्हें लगातार धमकियां भी दी गईं।


विहिप, बजरंग दल सहित हिंदूवादी संगठनों और ग्रामीणों ने मांग की है कि आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई हो। उनके अवैध कब्जे भी हटाए जाएं।

शिकायत में राहुल सिंह बेदी, राजू सिंह, तेज सिंह, दीपक ठाकुर आदि ने बताया कि घटना के बाद जब गांव की महिलाएं तहसील कार्यालय आवेदन देने आईं, तब उनके साथ भी अभद्रता की गई।

ज्ञापन में साहिद खान, महबूब खान, बुल्ला खान, चांद मिया बेलदार, शोखद खां, शेरूमिया, साबिर खां, समीर खां, राशिद खां, राशिद मियां, परवेश खां, वाकिल खां, असरफ खां, आसिफ खां, कलीम खां, हबीब खां और अनीस खां के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। मामले को लेकर ग्रामीणजनों में गुस्सा देखा जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले की गांव में एहतियात के तौर तैनात पुलिस अफसरों पुलिस फोर्स के बारे में बताया तो वह भी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कर सके। मामले की सूचना मिलते ही एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, महिला थाने की टीआई निशा सिंह, कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी गई।

# एमपीआरडीसी की बनी लापरवाही हाईवे पर झाड़ियों का अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर झाड़ियां रोड तक झूलने लगी हैं। एमपीआरडीसी द्वारा लंबे समय से सफाई नहीं कराए जाने के कारण झाड़ियां सड़क पर फैल गई हैं। जबकि बारिश को खत्म हुए एक महीने हो गया है अभी तक एमपीआरडीसी द्वारा रोड किनारे की झाड़ियां को नहीं कटवाया गया है। जिससे वाहनों की आवाजाही में दिक्कत हो रही है।

राहगीरों का कहना है कि झाड़ियों के कारण सड़क किनारे चलना मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन चालकों को आने-जाने में खतरा बढ़ गया है। बड़े-बड़े पेड़ों की डालिया रोड पर झुक गई है, जो राहगीरों और वाहनों से डालिया टकरा रही है। सामने से आता वाहन भी डालिया के कारण दिखाई नहीं देता है। जिससे हादसों का खतरा बना रहता है।

स्थानीय लोगों ने एमपीआरडीसी से जल्द सफाई कराने की मांग की है ताकि सड़क पर आवागमन सुचारु रूप से हो सके। और हादसों में कमी आ सके।

## आरोपी भी नाबालिग निकला

# गायब नाबालिग युवती को पुलिस ने किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पुलिस सक्रियता बरतते हुए प्रकरण को तत्काल सुलझाने तथा आरोपियों को गिरफ्त में लेने का कोई अवसर नहीं छोड़ रही है। इसी कड़ी में सिलवानी थाना क्षेत्र से गायब हुई 2 नाबालिग किशोरियों को पुलिस ने बरामद कर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया। मुआर ग्राम से गायब किशोरी को पुलिस ने 48 घंटे में ही बरामद कर लिया।

एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया कि थाना क्षेत्र के मुआर ग्राम से 21 अक्टूबर को एक नाबालिग किशोरी घर से बगैर बताए चली गई थी। सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर गायब किशोरी की पतासाजी का अभियान प्रारंभ किया। जानकारी पर पुलिस ने किशोरी को उदयपुरा थाना क्षेत्र से बरामद किया। यहां से एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया, आरोपी भी नाबालिग निकला।

एक अन्य मामले में 12 जून को खैरी ग्राम से एक नाबालिग किशोरी घर से बगैर बताए चली गई। जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर गायब किशोरी की तलाश प्रारंभ की, जिस पर पुलिस को सफलता मिली। किशोरी को सागर थाना क्षेत्र से बरामद किया। इस मामले में किशोरी के द्वारा स्वयं ही घर से जाना बताया। दोनों ही किशोरियों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया।

# मृतक नेपाल के परिजनों ने थाने में शव रखकर किया प्रदर्शन, मांग- आरोपी को दी जाए फांसी

## मृतक के परिजनों ने कोतवाली पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बीते दिनों ग्राम पठारी में हुए गोलीकांड में एक युवक नेपाल धाकड़ की मौत हो गई थी, जिसके बाद मृतक के परिजनों ने शुक्रवार को गुस्सा जाहिर करते हुए कोतवाली थाने के सामने शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। परिजनों ने आरोपी निलेश ठाकुर को फांसी की सजा देने की मांग भी की।

परिजनों ने कोतवाली पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा 29 जुलाई की रात जब आरोपी निलेश ठाकुर ने पहली बार नेपाल सिंह धाकड़ पर देसीकट्टे से हमला किया था। तब उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? उनका कहना था कि यदि पुलिस ने उस समय कानूनी कार्रवाई की होती, तो यह घटना नहीं घटती।




विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसडीओपी प्रतिभा शर्मा और एसडीएम मनीष शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाइश दी और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने प्रदर्शन समाप्त कर शव का अंतिम संस्कार किया।

### 29 जुलाई को पहली बार चलाई थी गोली

पूरा मामला पठारी क्षेत्र का है, जहां एक बेड़नी के घर पर आरोपी निलेश ठाकुर और नेपाल धाकड़ का आना-जाना था। यह बात नीलेश को नागवार गुजरी, जिससे उसने 29 जुलाई को नेपाल धाकड़ पर गोली चलाई थी। हालांकि उसकी जान बच गई थी। पुलिस ने इस मामले में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था।

### 21 अक्टूबर को दूसरी बार रात में गोली मारी

*बीती 21 अक्टूबर की रात करीब 4 बजे उसी बेड़नी के घर पर दोनों के बीच फिर विवाद हुआ। आरोपी निलेश ने नेपाल धाकड़ पर कट्टे से फायर कर दिया, जिससे गोली पीठ में लगी। घायल नेपाल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे भोपाल रेफर कर दिया था। परिजनों ने जिला अस्पताल प्रबंधन पर भी सही इलाज न करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते शरीर से गोली निकाल दी जाती, तो जान बच सकती थी।*

## नेता प्रतिपक्ष ने योजना, केंद्रीय कृषि मंत्री व प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए

# सिंघार बोले- भावांतर योजना किसानों के साथ मजाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधा। उन्होंने भावांतर योजना को किसानों के साथ 'मजाक' बताया और खाद संकट को लेकर चिंता व्यक्त की। सिंघार ने सवाल उठाया कि जब अन्य राज्यों में किसानों से समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी जा रही है। तो मध्यप्रदेश में भावांतर योजना क्यों लागू है।

उन्होंने पूछा कि क्या सरकार किसानों के सोयाबीन का एक-एक दाना खरीदेगी? पहले भी यह योजना फेल हो चुकी है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान खुद को 'किसान का बेटा' बताते हैं और पंजाब के किसानों से मिलने चले जाते हैं,



जबकि उनके गृह क्षेत्र में किसान खाद बीज की कमी से जूझ रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि सोयाबीन की फसल खराब होने से भी किसान परेशान हैं।

सिंघार ने सरकारों पर आरोप लगाया कि शिवराज सिंह ने प्रदेश सरकार से किसानों को मुआवजा देने की बात नहीं की। जबकि उनकी ही सरकार किसानों को मुआवजा नहीं दे पा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य राज्यों को बड़े-बड़े पैकेज मिल जाते हैं, लेकिन मध्य प्रदेश को क्यों नहीं?

इस अवसर जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल, शैलेंद्र पटेल, मनोज अग्रवाल, हकीम उद्दीन मंसूरी, महेश साहू सुल्तानपुर, प्रभात चावला, मजहर कबीर, जावेद अहमद आदि उपस्थित थे।

# नेता प्रतिपक्ष सिंघार का कांग्रेस कार्यकताओं ने किया स्वागत

**हरिभूमि न्यूज, सिलवानी।** मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के बजरंग चौराहा पर पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।



नेता प्रतिपक्ष के साथ विधायक व जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल, शैलेंद्र पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल गाडरवास, इरफान दूर्रानी, राजेंद्र सिंह तोमर आदि मौजूद रहें। तहसील के प्रतापगढ़ ग्राम में आयोजित मढ़ई मेला में शामिल होने के लिए जा रहे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अल्प समय के लिए कांग्रेस कार्यकताओं के आग्रह पर बजरंग चौराहा पर बनाए गए मंच पर रुके।

उपस्थित नगर कांग्रेस अध्यक्ष इमरान खान, अजय पटेल, शमीम काजी पार्षद, हफीज मंसूरी पार्षद, बसीम अख्तर, सुनील जैन, इल्याज ताज, दिनेश कुशवाहा, मजहर खान, गजेंद्र पटेल, बद्री विश्वकर्मा, विट्टू राय, राधे साहू काका आदि कांग्रेस कार्यकताओं ने पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया।

# पुलिस ने आमखेड़ा में महिलाओं और किशोरियों से किया जागरूकता संवाद

## कार्यक्रम में अपराध, साइबर सुरक्षा की भी दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

सांची पुलिस ने अपने थाना क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 'किशोरी जागरूकता संवाद' अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडे के निर्देश पर यह पहल ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में नवयुवतियों एवं बालिकाओं को अपराधों तथा सामाजिक बुराइयों के प्रति सजग और सतर्क बनाने के उद्देश्य से की गई है।

सांची थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी और महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित बच्चों और उनके अभिभावकों से संवाद किया। इस दौरान उन्हें सुरक्षा, आत्मरक्षा और बच्चों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। बालिकाओं को



यह भी सिखाया गया कि किसी भी परेशानी की स्थिति में वे तत्काल पुलिस को सूचित करें।

अभियान के तहत यातायात जागरूकता और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी पैम्फलेट वितरित किए गए। पुलिस ने बच्चों और अभिभावकों को इन विषयों पर जागरूक किया, ताकि वे संभावित खतरों से बच सकें।

इस पहल से यह संदेश जा रहा है कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को जागरूक कर अपराधों से दूर रहने हेतु प्रेरित करने का भी काम कर रही है। यह सामुदायिक पुलिसिंग का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।